हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 18 सितंबर 2025

04 विश्वकर्मा जयंती पर नगर में निकाला...



07 सांसद डॉ लता वानखेड़े ने सांसद खेल महोत्सव...





## खबर संक्षेप

### नशीली दवाओं की रोकथाम हेतु गठित समिति की बैठक आज

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम के लिए गठित समिति की बैठक आज 18 सितम्बर को आयोजित की गई है। बैठक में इन बिन्दुओं पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे उनमें नीद एवं ट्रंक्वेलाईजर श्रेणी की दवाओं के विक्रय के संबंध में जिले में पदस्थ मनोचिकित्सको की जानकारी, संचालित नशामुक्ति केन्द्र एवं उपचाररत व्यक्ति, नशामुक्ति केन्द्र में उपचार संबंधी व्यवस्था, मादक पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के लिए विभागीय अधिकारियो के मध्य समन्वय व विशेष अभियान आकस्मिक जांच कार्य के अलावा जनजागरूकता संबंधी कार्यों पर चर्चा की जाएगी।

### ग्राम बिसनखेड़ी में गो हत्या का मामला आक्रोश व्याप्त

**विदिशा।** जिले के दीपानखेड़ा थाना क्षेत्र के सिरोंज रोड स्थित ग्राम बिसनखेड़ी में बीते रविवार को गौ हत्या की घटना सामने आने से स्थानीय ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों इरफान शाह, असगर शाह, हनीफ शाह सहित अन्य के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपियों ने न केवल सामूहिक रूप से गौ हत्या की घटना को अंजाम दिया, बल्कि लंबे समय से सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा भी कर रखा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और कब्जाई गई भूमि व मकान को प्रशासन मुक्त कराए।

### विक्रय मूल्य का उल्लंघन शराब दुकानों पर लगाया जुर्माना

**विदिशा।** शासन द्वारा निर्धारित विक्रय मूल्य का उल्लंघन विक्रय किये जाने पर शराब दुकानों पर भारी जुर्माना लगाया गया है। जिला आबकारी अधिकारी शरद पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि पचमा बायपास रोड स्थित मदिरा दुकान एवं हांसुआ मदिरा दुकान पर निर्धारित मूल्य का उल्लंघन पाया गया। पचमा बायपास रोड स्थित मदिरा दुकान पर 2 लाख 50 हजार 473 रुपए तथा हांसुआ मदिरा दुकान पर 91 हजार 115 रुपए अर्थात कुल 3 लाख 41 हजार 588 रुपय की दंडात्मक राशि एक-एक दिवस की लाइसेंस फीस के बराबर जुर्माना लगाया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की शिकायतें सामने आने पर जिले में निरंतर टेस्ट परचेस की कार्रवाई की जाएगी, ताकि अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण रखा जा सके।

### 1225 मीट्रिक टन की यूरिया रैक आज प्राप्त होगी

**विदिशा।** गुरुवार 18 सितम्बर को इफको यूरिया की एक रैक प्राप्त होगी। जिसमें विदिशा जिले को आवंटित यूरिया की मात्रा 1225 मीट्रिक टन है। उपरोक्त यूरिया का संस्थावार आवंटन जारी किया गया है। जिसके अनुसार संस्थावार आवंटन की जानकारी तदानुसार विदिशा एक को सौ मीट्रिक टन, बासौदो दो को दो सौ मीट्रिक टन, शमशाबाद को सौ मीट्रिक टन, कुरवाई को 175 मीट्रिक टन, ग्यारसपुर को सौ मीट्रिक टन, विपणन संघ को कुल 675 मीट्रिक टन, पेक्स समिति हेतु पांच सौ मीट्रिक टन, एमपी एग्रो को पचास मीट्रिक टन यूरिया आवंटित किया गया है। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले को इफको यूरिया की रैक से प्राप्त स्कंध का वितरण विपणन संघ के भण्डारण केन्द्रों द्वारा शनिवार 20 सितम्बर से किया जाएगा। नगद स्कंध प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नम्बर 07592-181 पर कृषको द्वारा टोकन प्राप्त किए जा सकते हैं। टोकन प्राप्ति दिनांक को ही मान्य किए जाएंगे।

---

### खतरा: 1980 के बाद ओजोन परत की मोटाई हुई है कम

# सुरक्षा कवच है ओजोन परत-एयर कंडीशनर और फ्रीज के उपयोग से लगातार घट रही ओजोन परत

ओजोन परत पराबैंगनी किरणों को धरती पर आने से रोकती हैं और पृथ्वी पर मानव जीवन के लिए सुरक्षा कवच की तरह कार्य करती है। ग्रीन केमिस्ट्री पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसका उद्देश्य यह है कि हानिकारक रसायनों के स्थान पर हम पर्यावरण के अनुकूल रसायनों का उपयोग करें, विषैले रसायनों का उत्सर्जन कम हो।

### एसएटीआई कॉलेज में विश्व ओजोन संरक्षण दिवस पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा




**विदिशा।** ओजोन परत पर मंडरा रहे खतरे पर एसएटीआई कॉलेज में प्रोफेसर एवं छात्राओं ने की चर्चा।

वर्ष 1980 तक ओज़ोन परत की मोटाई सामान्य थी (300 से 500 डॉबसन इकाई), किन्तु अगले कुछ वर्षों में ओज़ोन परत की यह मोटाई काफी कम हो गई। जिससे पृथ्वी पर अत्यधिक मात्रा में पराबैंगनी किरणों का प्रवेश होने लगा है तथा इसका विपरीत प्रभाव जनजीवन पर पड़ने लगा। ओज़ोन परत को नष्ट करने वाले रसायनों का उपयोग रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर, अग्निशमन फ़ोम, हेयरस्प्रे आदि में होता है और इन पदार्थों से निकालने वाली गैसें ओज़ोन परत को नुकसान पहुंचाती हैं। इसलिए ओजोन परत को बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे।

सम्राट अशोक अभियांत्रिकी संस्थान में अप्लाइड साइन्स विभाग द्वारा विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास विश्व ओज़ोन परत संरक्षण दिवस मनाकर किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत "विज्ञान से लेकर वैश्विक कार्यवाही तक" शीर्षक से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और ओजोन परत की महत्ता, संरक्षण के उपाय, तथा सतत विकास की अवधारणाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मनोज दातार ने अपने उद्बोधन में बताया कि ओज़ोन परत का संरक्षण केवल वैज्ञानिकों की नहीं बल्कि समूहिक जिम्मेदारी है क्योंकि यह खतरनाक पराबैंगनी किरणों को धरती पर आने से रोकती हैं। अतः ओज़ोन परत पृथ्वी पर मानव जीवन के लिए सुरक्षा कवच की तरह कार्य करती है। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. स्वाति दुबे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में ग्रीन केमिस्ट्री पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा ग्रीन केमिस्ट्री का उद्देश्य यह है कि हानिकारक रसायनों के स्थान पर हम पर्यावरण के अनुकूल रसायनों का उपयोग करें, जिससे विषैले रसायनों का उत्सर्जन कम से कम हो और हमारे पर्यावरण को न्यूनतम क्षति पहुंचे।

छात्र रानू राजपूत एवं वैष्णवी बघेल ने ओजोन परत ह्रास की शुरुआत तथा उससे होने वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में बताया। वायुमंडल के स्ट्रेटोस्फेयर भाग में उपस्थित ओज़ोन परत, सूर्य के प्रकाश में आने वाली पराबैंगनी किरणों को रोकती है। पराबैंगनी किरणें जीव जंतुओं के लिए बहुत घातक होती हैं, जिसके दुष्प्रभाव से मोतियाबिंद, कृषि, त्वचा रोग, पर्यावरण ह्रास आदि की संभावनाएं बहुत अधिक हो जाती हैं।

छात्र प्रिया रघुवंशी तथा अनामिका राय ने ओजोन परत को नष्ट करने वाले रसायनों के बारे में बताया। वैज्ञानिकों ने पता लगाया कि छात्र राघवेंद्र भारद्वाज तथा प्रार्थना रघुवंशी ने ओजोन परत ह्रास होने का वर्णन किया। छात्र अनुराधा राजपूत एवं मेघा विश्वकर्मा ने बताया कि पृथ्वी पर ओज़ोन परत ह्रास का सबसे अधिक प्रभाव दक्षिणी ध्रुव एवं उत्तरी ध्रुव पर देखा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

---

# जिपं अध्यक्ष से 50 लाख की धोखाधड़ी करने वाला कंपनी संचालक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भाजपा नेता कैलाश रघुवंशी से 50 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाला डीओएफ कंपनी का संचालक अनिल गौर सहित उसके साथी प्रमोद मालवीय को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार किया।

सिविल लाइन पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया भाजपा नेता कैलाश रघुवंशी ने बताया कि जैविक खाद बनाने वाली डीओएफ कंपनी के संचालक अनिल गौर और उसके साथियों ने सीएंडएफ एजेंट बनाने के बदले 50 लाख रुपये लिये थे। 50 लाख रुपये के बदले 1 करोड़ रुपये मूल्य का जैविक खाद देने का वादा किया था। लेकिन डीओएफ कंपनी जैविक खाद की आपूर्ति नहीं कर सकी। जानकारी जुटाने पर पता चला कि कंपनी इतना माल बनाने में सक्षम ही नहीं थी।

डीओएफ कंपनी संचालक अनिल गौर, प्रमोद मालवीय और अनिमेष बाथम ने सीएंडएफ एजेंट बनाने का झूठा झांसा दिया था और 50 लाख रुपये प्राप्त करने के बाद भी माल की सप्लाई नहीं कर सके थे। भाजपा नेता कैलाश रघुवंशी ने पुलिस को बताया कि 50 लाख रुपये की यह राशि उन्होने उनकी पत्नि जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी के खाते से ट्रांसफर किये थे।

डीओएफ ग्रीन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया था। कंपनी संचालक अनिल गौर जब माल की आपूर्ति नहीं कर सका तो उन्होने राशि वापस करने के लिए कहा लेकिन वह गायब हो गया। मोबाइल भी बंद कर लिया। इसके बाद भाजपा नेता कैलाश रघुवंशी ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर मामले की जांच और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग रखी। आवेदन की जांच के बाद संचालक अनिल गौर, प्रमोद मालवीय, अनिमेष बाथम के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। बुधवार को सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी अनिल गौर और प्रमोद मालवीय को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

---

# कांग्रेसियों ने पकौड़े तलकर प्रधानमंत्री का जन्मदिन बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



**विदिशा।** माधवगंज पर पकोड़े तलकर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी।

कांग्रेस पार्टी द्वारा बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन को "बेरोजगार दिवस" के रूप में मनाया।

कांग्रेसियों ने शाम बजे माधवगंज चौराहे पर कांग्रेस के कार्यकर्ता और युवा पकोड़े तलकर प्रदर्शन किया कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने देश के युवाओं से हर साल 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन आज तक यह वादा पूरा नहीं हुआ। इसके कारण करोड़ों युवा बेरोजगारी और निराशा का सामना कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि रोजगार हर युवा का हक है और सरकार को अपने वादों पर जवाबदेह होना चाहिए। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी कार्यक्रम आयोजक संतोष कुशवाह उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रियंका किरार, अरुण अवस्थी, अर्पित उपाध्याय, रवि साहू,राजकुमार पासी, जवाहर कुशवाह, आशीष माहेश्वरी, विनीत दांगी, सुशील शर्मा, राजकुमार कुशवाह, सुशील शर्मा, रमेश तिवारी, मुबीन खान, लाइक खान, रूपसिंह किरार, हेमराज बघेल, आरिफ मंसूरी, शरीफ खान सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# पीएम के जन्मदिन पर डॉक्टरों सहित कर्मचारियों ने रक्तदान किया विदिशा के शासकीय मेडिकल कॉलेज में मनाया जाएगा पखवाड़ा

### जिला अस्पताल की ब्लडबैंक में डॉक्टरों ने उत्साह से किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा के चिकित्सक संगठनों द्वारा "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान"के अवसर पर 200 से अधिक चिकित्सकों सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया।

जिला अस्पताल विदिशा के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का शुभारंभ भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष सीएमएचओ डॉ रामहित कुमार और आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष एवं आईएपी विदिशा के अध्यक्ष डॉ एमके जैन, सिविल सर्जन डॉ अनूप वर्मा ने किया। इस अवसर पर आईएमए विदिशा के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन, डॉ सुरेंद्र सोनकर, डॉ एस एल पीतलिया, डॉ राजेंद्र कुशवाह रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ सचिन गर्ग एवं एवं जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ विमल मेहरा ने किया। विशेष रूप से डॉ राजीव जैन, डॉ सुरेंद्र सोनकर, डॉक्टर रेणु सोनकर, डॉ अनिल अग्रवाल, डॉ सुधीर जैन, डॉ राहुल जैन सहित 40 चिकित्सकों और 160 अन्य लोगो द्वारा रक्तदान किया गया। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन विदिशा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत विशाल रक्तदान किया।

शिविर अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल विदिशा में आयोजित किया। रक्तदान शिविर में 300 यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। सुबह 10 बजे से शिविर की शुरुआत हुई। जिसमे सीनियर डॉक्टर, रेसिडेंट डॉक्टर, जूडा के सदस्य के साथ साथ इंटर्न एमबीबीएस छात्र और कॉलेज के अन्य अधिकारी कर्मचारी द्वारा रक्तदान किया गया।

---

# मध्यप्रदेश में कोई वंचित नहीं, 51 हजार रुपए इनाम दूंगा-विधायक सप्रे

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

मध्यप्रदेश में कोई ऐसा परिवार नहीं है जिसको मध्यप्रदेश सरकार की अथवा केंद्र सरकार का किसी न किसी योजना का लाभ न मिला हो। यदि कोई ऐसा परिवार बताता है जो वंचित हो उसे 5100 रुपए इनाम दूंगा। यह बात कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर कही।

दिनभर चले विविध कार्यक्रमों में स्वच्छता, सेवा, समर्पण और सामाजिक सद्भाव का अनूठा संदेश देखने को मिला। इस अवसर पर विदिशा भाजपा जिलाअध्यक्ष महाराज सिंह दांगी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सुबह की शुरुआत विधायक सप्रे ने कुरवाई बस स्टैंड पर स्वच्छता अभियान से की। जहां स्वयं झाड़ू लगाकर उन्होंने स्वच्छता का संदेश दिया। विधायक हरिसिंह सप्रे ने स्वछता कार्य से पूर्व सभी को संबोधित किया। अस्पताल कुरवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। धार में हुए पीएम कार्यक्रम का लाइव देखा गया।



### शांति समिति की बैठक आज

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आज गुरुवार होगी। यह बैठक पुलिस कंट्रोल रूम पुलिस लाइन विदिशा में सायं चार बजे से शुरू होगी।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंशुल गुप्ता के द्वारा जारी पत्र का हवाला देते हुए शाखा प्रभारी व संयुक्त कलेक्टर मोहिनी शर्मा ने बताया कि आगामी त्यौहार नवदुर्गा, दशहरा, दीपावली, गुरुनानक सहित अन्य त्यौहारों के परिपेक्ष्य में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है।

---

### सेवा पखवाड़ा- रक्तदान शिविर में 251 यूनिट रक्तदान हुआ

# महिलाओं के विकास में प्रदेश आगे: उदयप्रताप

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा




**विदिशा।** आडोटोरियम में संबोधित करते हुए मंत्री उदयप्रताप सिंह।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र सिंह मोदी ने बुधवार मध्यप्रदेश के धार जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर रक्तदाताओं ने रक्तदान भी किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री सिंह ने कहा कि महिलाओं के सर्वांगीण विकास में मध्यप्रदेश पीछे नहीं है। महिलाओं के उत्थान से संबंधित अनेक ऐसी योजनाएं है ज प्रधानमंत्री जी कि मंशा के अनुरूप प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव के द्वारा विशेष पहल की जा रही है। जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने कहा कि महिलाओं के चहूमुंखी विकास प्रदेश में हो रहा है। विदिशा विधायक मुकेश टण्डन ने प्रदेशवासियों के सर्वागीण विकास खासकर महिलाओं, बालिकाओं के उत्थान हेतु संचालित योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को विदिशा नपा अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं अधिकारी मौजूद रहे।

### कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाएगा


कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि सेवा पखवाडा अभियान के तहत हरेक विभाग के माध्यम से लक्ष्यों की पूर्ति की जाएगी। महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ओर केम्प आयोजित किए जाएंगें। उन्होंने महिलाओं से आव्हान किया कि स्वास्थ्य शिविरों में परीक्षण अवश्य कराएं ताकि भविष्य में कोई बीमारी होने वाली है तो उसकी जानकारी पहले से प्राप्त हो सकें। चिकित्सकों द्वारा जो सलाह दी जाती है उसका पालन जरूर करें। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ संबंधितों को समय पर मिले इस अभियान का मुख्य उद्धेश्य है। विभिन्न विभागों के माध्यम से सम्पूर्ण अभियान अवधि के दौरान पृथक-पृथक विभागीय गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। मंत्री उदयप्रताप सिंह सहित अतिथियों ने कार्यक्रम के दौरान रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र दिये। जिले में कुपोषण को दूर करने के लिए विशेष तौर पर तैयार किए गए सुपोषण किट भी कुपोषित बच्चों के अभिभावकों को प्रदाय की। जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन भी किया गया था, जिसमें 75 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया है। इस दौरान डॉक्टरों सहित कर्मचारियों ने रक्तदान किया।

---

# ओपी ने पार्षद का चुनाव लड़ने के बाद फिल्मी दुनिया में रखे कदम

### अक्षय और कपिल शर्मा के साथ कर चुके हैं काम

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



आरकेजी मूवीज प्रोडक्शन की फिल्म विजेता 19 सितम्बर को रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में विदिशा के कलाकार ओपी सोनी ओम डॉ की भूमिका में नजर आएंगे। यह एक पारिवारिक फिल्म है। जिसमें मध्यमवर्गीय परिवार की कहानी बताई गई है। फिल्म के लेखक संदीप नाथ हैं। सुपर एक्टर रवि भाटिया एवं एक्ट्रेस भारती अवस्थी हैं। मूवी का ट्रेलर यू ट्यूब पर रिलीज हो चुका है।

### बेवसीरीज में अभिनय कर चुके हैं ओम

ओपी सोनी जी पहले भी सोनी टी.वी पर प्रसारित हुए कामना सीरियल में होटल मैनैजर की भूमिका में नजर आ चुके हैं। इसके अलावा अनेक टाकीज मूवी एवं वेब सीरीज मूवी में नजर आ चुके हैं, जिनमें यौद्धा, महारानी, शिक्षामंडल, डा. अरोरा, गर्मी, उलझ आदि मूवी हैं। उन्होंने बताया अभी तक कलाकारों में सुपर एक्टर मिथुन चक्रवर्ती, अक्षय कुमार, इमरान हाशमी, कपिल शर्मा, मुकेश तिवारी, रवि किशन, जानव्ही कपूर, नुसरत भरूचा, आयशा खान एवं गौहर खान आदि एक्ट्रेस के साथ काम कर चुके हैं। उन्होंने बताया टाकीज फिल्म, वेवसीरीज और शोर्ट फिल्म मिलाकर करीब 35-40 फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं।



## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2640
उच्चतम भाव-3500
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2500
उच्चतम भाव- 2753
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2480
उच्चतम भाव- 2521
चना
न्यूनतम भाव-4300
उच्चतम भाव-5740
मसूर
न्यूनतम भाव-3350
उच्चतम भाव-7820
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2160
उच्चतम भाव- 3231
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1110
उच्चतम भाव-4480
सरसों
न्यूनतम भाव-3930
उच्चतम भाव-8000
मूंग
न्यूनतम भाव-1320
उच्चतम भाव- 7500
धान
न्यूनतम भाव-1406
उच्चतम भाव-2502
धनिया
न्यूनतम भाव-6300
उच्चतम भाव- 6500

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 8260 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### मिठाई बांटकर मनाया जन्मदिवस



**गंजबासौदा।** उदयपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मिठाई बांटकर एवं मंदिर पर साफ सफाई कर मनाया। इस अवसर पर बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रागिनी राजपूत चयनित

**गंजबासौदा।** संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सुभद्रा शर्मा शासकीय महाविद्यालय की रागिनी राजपूत का चयन किया गया। रागिनी ने जिला स्तरीय बैडमिंटन महिला प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय का दल रागिनी राजपूत, पिंकी अहिरवार, अनुराधा राजपूत, दिव्या अहिरवार, हर्षिता डांगी ने प्रतियोगिता में सहभागिता की। यह प्रतियोगिता एलबीएस महाविद्यालय में हुई थी। प्राचार्य डॉ अनामिका प्रजापति एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ प्रदन्या करंदीकर ने सभी खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी है।

# पितरों को याद कर किया एसजीएस प्रांगण में पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंजबासौदा



पंचतत्व संरक्षण समिति के हम सभी ने यह ठाना है, हर हाथ से पौधा लगाना है अभियान के अंतर्गत बुधवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में आम और जामुन के 5 पौधे लगाए गए। समिति के सदस्यों, महाविद्यालय के प्रोफेसरों एवं छात्र, छात्राओं ने पौधारोपण किया। यह पौधे पितृ पक्ष के अवसर पर पितरों को याद करके उनके नाम पर लगाए गए। जिसमें पंचतत्व के सदस्य प्रमोद राजपूत ने अपने पिता के नाम पर, सदस्य अवंतिका जाट, सदस्य योगेश जाट ने एवं नागरिक बैंक के हरिओम भावसार ने अपने पिता के नाम पर एवं एसडीओ फॉरेस्ट द्वारा स्व. सुनील कुमार जैन की स्मृति में पौधे लगाए गए। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड एवं पौधे पंचतत्व संरक्षण समिति सदस्यों ने उपलब्ध कराए हैं। पौधों के संरक्षण की जवाबदारी महाविद्यालय स्टॉफ ने ली है।

इस अवसर पर पंचतत्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत, राकेश पुरोहित, बृजेंद्र दांगी, अमित विश्वकर्मा, धर्मेंद्र दांगी, वीरेंद्र महागौर, रणवीर दांगी, रमन दांगी, अशोक भावसार, महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र ठाकुर, सुनील पाटीदार, सुमनलता गुप्ता, सरिता घेंघट, सुनीता ठाकुर, शिवानी गौर सहित बड़ी संख्या में छात्र, छात्राएं सहित महाविद्यालयीन स्टॉफ उपस्थित था।

# दशहरा उत्सव की तैयारियों को लेकर हिउस की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंजबासौदा


दशहरा उत्सव की तैयारियों को लेकर बासौदा श्री हिंदू उत्सव समिति की बैठक आयोजित की गई। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश तिवारी की अध्यक्षता में बैठक में सदस्यों और पदाधिकारियों से अनेक विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से रावण निर्माण, माइक, साउंड, जनरेटर, बैठक व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, राम बारात सहित अन्य कार्यक्रमों की सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपते हुए और अन्य विषयों पर चर्चा कर अनेक निर्णय लिए गए। बैठक में नए सदस्यों को बढ़ाने की स्वीकृति दी गई एवं सक्रिय सदस्यों को जिम्मेदारी देते हुए कार्यों को पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वाह करने के लिए सदस्यों ने सहमति प्रदान की। इस अवसर पर बासौदा श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश तिवारी, संयोजक सुमित, सचिव आकाश माहेश्वरी, मनोज डागा, देवराज सिंह राजपूत, पत्रकार ओमप्रकाश चौरसिया, लोकेश सक्सेना, अभय शर्मा, नवरंग सिंह राजपूत, रविकांत मिश्रा, अमन सिंह राजपूत, बसंत सिंह राजपूत, धीरेंद्र सिंह राजपूत, जगदीप सिंह राजपूत, राहुल शर्मा, यशवंत दांगी सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## चल समारोह में भगवान विश्वकर्मा की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

# विश्वकर्मा जयंती पर नगर में निकाला गया चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंजबासौदा





प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस पर विश्वकर्मा समाज द्वारा चल समारोह निकाला गया। बरेठ रोड स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर पर सुबह से पूजन अभिषेक का कार्यक्रम शुरू हुआ जो दोपहर तक चला। दोपहर बाद चल समारोह निकाला गया। जिसमें शहर सहित आसपास से आए सैकड़ों समाज बंधु भगवान विश्वकर्मा जी के पूजन दिवस में शामिल हुए। दोपहर में चल समारोह निकाला गया। जिसमें भगवान विश्वकर्मा जी की आकर्षक झांकी सजाई गई थी।

चल समारोह में दो युवक घोड़े पर सवार हाथ में ध्वज लेकर आगे चल रहे थे। वहीं भगवान भोलेनाथ, राम दरबार सहित राधा कृष्ण की सजीव आकर्षक झांकियां सजाई गई थीं। जो चल समारोह में आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा का जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं डीजे पर गायक कलाकारों द्वारा गाए जा रहे भगवान के भजनों पर श्रद्धालु नाचते हुए चल रहे थे और साथ में अखाड़ा भी चल रहा था। अखाड़े में कलाकार कर्तव्य दिखा रहे थे। चल समारोह मुख्य मार्ग से होते हुए बरेठ रोड, जयस्तंभ चौक, स्टेशन रोड, मील रोड, त्योंदा रोड होते हुए विश्वकर्मा मंदिर पर पहुंचा। जहां समारोह का समापन हुआ एवं प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर चल समारोह का विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों, संस्थाओं, राजनैतिक दलों, नागरिकों आदि ने चल समारोह में शामिल लोगों को जलपान कराया और भगवान विश्वकर्मा की आरती उतारकर स्वागत किया। इस दौरान मील रोड पर नपा की ओर से वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव, पार्षद मनीष विश्वकर्मा सहित नागरिकों ने भी पुष्पवर्षा कर, जलपान कराकर और आरती उतारकर स्वागत किया। रात्रि में भी मंदिर पर भजनों का आयोजन भी किया गया। जिसमें सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव सहित नागरिक मौजूद थे।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ

**गंजबासौदा।** शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में बुधवार को प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में एन्टी रैगिंग अधिनियम 2009 एवं 2011 के जोखिम पर नियंत्रण संबंधी कानून यूजीसी संस्था में रैगिंग रोकने के लिए (बच्चों का संरक्षण करने संबधी अधिनियम) के एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डॉ. बी.के. प्रजापति ने रैगिंग एक दण्डनीय अपराध है रैगिंग करने वाले छात्रों पर कानून के तहत क्या-क्या नियम है कितनी सजा का प्रावधान है और 2 वर्ष का कारावास से दडित किया जा सकता है की जानकारी दी गयी। रैगिंग एक क्राइम है इससे संबंधित अन्य जानकारियां तथा अधिनियमों की जानकारी डॉ. कंचन वैद्य द्वारा दी गई। उक्त अपराधों से संबधित जैसे दण्डित करने, पुलिस स्टेशन एवं एन्टी रैगिंग सेल को शिकायतों की जानकारी छात्र दे सकते हैं। छात्र, छात्राओं की समस्याओं को महाविद्यालय में गठित सेल के द्वारा निराकरण किया जायेगा। डॉ सुमनलता गुप्ता, डॉ. सरिता घेंघट, डॉ. सुधा पाठक, मोनिता नेमा, डॉ. आर.डी. जाटव महाविद्यालय की 38 छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर कार्यशाला में सहभागिता की। अंत में आभार डॉ. बी.के. प्रजापति द्वारा व्यक्त किया गया।



# सांसद सुधा मूर्ति के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया, लगाया नेत्र शिविर, 83 लोगों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंजबासौदा



स्थानीय मिल रोड स्थित सद्गुरु विज़न सेंटर पर स्व नारायण सदाशिव सेवा संस्थान के सहयोग से सांसद सुधा मूर्ति के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप मे मनाया गया। साथ ही नेत्र शिविर लगाया गया। जिसमे डॉ राजकरण वर्मा एवं डॉ राघव त्रिपाठी ने लगभग 83 मरीजों के नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बताए।

वहीं दूसरी ओर 24 लोगों को दवाइयों का वितरण किया गया, 17 मरीजों को मोतियाबिन्द चिन्हित किया और 19 लोगों को चश्मे वितरित किए और 23 लोगों के चश्मे के नंबर निकाले गए। उक्त जानकारी शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने दी। उन्होंने कहा कि उक्त शिविरो का आयोजन ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में एवम सद्गुरु स्वर्गीय रणछोड़ दास महाराज की कृपा से ग्रामीण एवम शहर में लगातार किया जा रहा है। वरिष्ठ समाज सेवी गणेश राम रघुवंशी, डॉ एके जैन ने कहा कि नेत्र रोगियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। सद्गुरू रणछोडदास जी की कृपा से प्रतिवर्ष आनंदपुर नेत्र चिकित्सालय द्वारा हजारों मरीजों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए जाते हैं और नेत्र रोगियों की सेवा के लिए लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविर में विजय अरोरा हेमंत भंडारी, एमएस सूर्यवंशी, सरदार सिंह सिसोदिया ने अपना सक्रिय सहयोग दिया। इस मौके पर अनेक लोग उपस्थित थे।

# सेवा दिवस के रूप में मनाया गया प्रधानमंत्री का जन्मदिन गांधी जयंती तक चलेगा स्वच्छता अभियान का पखवाड़ा



**गंजबासौदा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को भारतीय जनता पार्टी ने सेवा दिवस के रूप में मनाया। साथ ही भाजपा ने निर्णय लिया कि यह आयोजन एक पखवाड़ा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक विशेष रूप से चलाया जाएगा। इस अवसर पर शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में स्वच्छता पखवाड़ा का प्रारंभ क्षेत्र के विधायक हरिसिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन में प्रारंभ किया गया। जिसमें जन चिकित्सालय में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया व मरीजों को फल वितरित किए गए। यह पूरा आयोजन भाजपा नगर व ग्रामीण मंडल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। प्रधानसेवक के जन्मदिवस पर ब्लड डोनेशन जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जिसमें भाजपा के सभी नेताओं ने स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक रघुवंशी ने कहा कि स्वस्थ भारत के निर्माण की परिकल्पना तभी पूरी होगी जब स्वच्छ भारत होगा जिसके लिए आवश्यक है कि हम अपने आसपास की गंदगी को स्वयं साफ करें और इसके लिए और लोगों को भी प्रेरित करें। स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छता के सन्देश को जन-जन तक पहुंचाने का भी प्रण लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक हरि सिंह रघुवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश जादौन, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जनपद में विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र रघुवंशी, सुमन आचार्य, जंयती रैकवार, जंयती विश्वकर्मा, भावना मलैया, नीलू चौबे, अंशु भावसार, चंद्रकांता नामदेव, शबनम बी एवं नगर एवं ग्रामीण के समस्त पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष एवं बीजेपी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तहसीलदार ने किया फसल का निरीक्षण



**त्योंदा।** बुधवार को तहसीलदार रितु राय ने नष्ट फसल का निरीक्षण किया। तहसीलदार ने राजस्व अधिकारी एवं कृषि विभाग के अधिकारी एवं पंचायत अधिकारियों के साथ ग्राम उकायला, त्योंदा स्थित खेतों में पहुंची। जहां पर सोयाबीन की फसलें लगभग 90% बारिश के कारण ख़राब हो चुकी हैं, किसानों ने तहसीलदार से सर्वे कराकर उचित मुआवजा की मांग की। तहसीलदार ने मौके पर किसानों से बात की साथ ही कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों से बात कर खराब हुई फसलों का सर्वे कराकर अधिकारियों को अवगत कराने का कहा। इस मौके पर किसान बहादुर सिंह, भूपेंद्र सिंह, बलवंत, प्रेम सिंह, प्रकाश, शिवराज सिंह, नरेश आदि किसान मौजूद थे।

## एलबीएस कॉलेज में हुआ जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

# एलबीएस की जानवी और अभ्युदय ने जीती बैडमिंटन प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंजबासौदा

लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के बाबूजी तख्तमल इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय बैडमिंटन पुरुष के संयोजक एवं लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय बैडमिंटन महिला वर्ग के संयोजक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ बासौदा शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉक्टर विमल चंद ओसवाल, शांति प्रकाश ओसवाल, प्राचार्य डॉक्टर नरेंद्र कुमार, प्रभारी प्राचार्य एलबीएस आरआर द्विवेदी, डॉक्टर बीके प्रजापति, रविन्द्र जैन, जिले के समस्त महाविद्यालय से आए खेल अधिकारी के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सेजल नामदेव, अमन राजपूत ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता की रूप रेखा खेल अधिकारी अभिषेक सिंह एसजी कॉलेज ने छात्र छात्राओं को बताई। मुख्य अतिथि डॉक्टर विमल चंद ओसवाल ने छात्रों को शारीरिक और मानसिक और आर्थिक सभी क्षेत्र में मजबूत बनने के लिए कहा। डॉक्टर नरेंद्र कुमार ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

डॉक्टर बीके प्रजापति ने पढ़ाई के क्षेत्र और खेल के क्षेत्र दोनों में अव्वल आने के लिए कहा। शांति प्रकाश ओसवाल ने कहा कि खेलों से सामाजिक शारीरिक मानसिक विकास होता है हम अपनी ऊर्जा को खेल के क्षेत्र में लगाएंगे तो हम कई शारीरिक और मानसिक बीमारियों से दूर भी रहेंगे। रविन्द्र जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में हमें अपना हुनर दिखाने का अवसर मिलता है। बैडमिंटन महिला वर्ग का फाइनल जानवी एलबीएस और रागनी सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय के बीच हुआ जिसमें जानवी 21-13 से सेट जीतकर विजेता बनी और रागनी उपविजेता रहीं। वही पुरुष वर्ग फाइनल मुकाबला अभ्युदय नवीन कॉलेज विदिशा और दर्श एलबीएस कॉलेज बासौदा के बीच हुआ। जिसमें अभ्युदय 21-18 से सेट जीतकर फाइनल के विजेता बने।

प्रतियोगिता में विदिशा जिले की 16 छात्राओं ने भाग लिया, वही 24 छात्रों ने भाग लिया। पांच छात्र,पांच छात्राएं 25, 26 सितंबर को होने वाली संभाग स्तरीय महाविद्यालय प्रतियोगिता में विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। आयोजन में विदिशा जिले के खेल अधिकारी डॉक्टर अजय हजारी नवीन कॉलेज विदिशा, अभिषेक सिंह एसजीएस महाविद्यालय, डॉक्टर प्राची श्रीवास्तव शासकीय महाविद्यालय लटेरी, डॉक्टर प्रदन्या करंदीकर शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय बासौदा, डॉक्टर दीपेश पुरोहित शासकीय महाविद्यालय कुरवाई, डॉक्टर रवि कुमार शासकीय महाविद्यालय गुलाब गंज, डॉक्टर वसीम खान शासकीय महाविद्यालय सिरोंज, डॉक्टर कुंदन ररैया राज माता विजया रहे सिंधिया महाविद्यालय विदिशा उपस्थित रहे। मंच संचालन श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के मनीष अहिरवार ने किया जबकि आभार प्रभारी प्राचार्य आरआर द्विवेदी ने माना। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, लेखापाल, कार्यालयीन स्टाफ, ग्रंथपाल एवं स्टाफ सदस्यों ने छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दीं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गोपाल सेना एवं श्वान फाउंडेशन ने की गौसेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंजबासौदा



गोपाल सेना एवं श्वान फाउंडेशन के सदस्य एवं पदाधिकारी द्वारा घायल गौ माता की रात्रि के समय सेवा की। मंगलवार को रात्रि 12 बजे के बाद एक गौ माता बरींघाट रोड पर अज्ञात वाहन के द्वारा टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल गाय की सूचना मिलने पर दीपक तिवारी ने गोपाल सेना के गौ सेवकों एवं स्वान फाउंडेशन के लिए फोन लगाए। जिसके बाद लालू महाराज, श्वान फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष नमन शर्मा, निखिल शर्मा, गोपाल सेना के सेवक दीपक पराशर, दीपक शर्मा, देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे, यातायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी , उदयपुर चौकी प्रभारी दुर्ग सिंह रघुवंशी आदि मौके पर पहुंचे और घायल गाय को प्राथमिक उपचार कर लोडिंग वाहन चालक वीर सिंह को बुलाकर लालू महाराज की गौशाला पुरानी गल्ला मंडी के सामने गौमाता में पहुंचाया। पशु चिकित्सा प्रभारी आर एस उपाध्याय को रात्रि के समय कई बार कॉल किए गए लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

गोपाल सेवा एवं स्वान फाउंडेशन एसडीएम को एक ज्ञापन देगी और मांग करेगी की इमरजेंसी में ऐसा कोई नंबर और वाहन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। जिससे आवश्यकता पड़ने पर गौ माता एवं स्वान की रक्षा हो सके।

### प्रतिदिन हो रही बिजली गुल

**गंजबासौदा।** नगर में विद्युत कंपनी की कार्यप्रणाली के चलते उपभोक्ता और आम नागरिक काफी परेशान हो रहे हैं। लगभग एक पखवाड़े से प्रतिदिन अलग अलग क्षेत्रों में कई घण्टों तक बिजली की कटौती की जा रही है। बुधवार को भी पचमा बायपास क्षेत्र में कई घण्टे तक बिजली प्रदाय बंद रहा। जिससे यहां के रहवासियों को अंधेरे में बगैर पंखा, कूलर के कई घण्टे समय निकालना पड़ा।

## खेल महोत्सव में 19 वर्ष के स्कूली व ग्रामीण बच्चे ले सकेंगे भाग

# सांसद डॉ लता वानखेड़े ने सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

### ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के प्रति बढावा देने के लिए किया जा रहा सांसद खेल महोत्व का आयोजनः डॉ लता वानखेड़े

### बैठक में जनप्रतिनिधियों ने साझा किए अपने सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज-सागर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत खेलो को बढावा देने के लिए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सागर सांसद श्रीमती लता वानखेडे ने जिला पंचायत के सभागार कक्ष में तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी, कलेक्टर अंशुल गुप्ता के अलावा विभिन्न विभागो के अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि मौजूद रहें। इस अवसर पर सांसद श्रीमती डॉ लता वानखेडे ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रो में खेलो के प्रति बढावा देने के लिए उपरोक्त खेलो का आयोजन किया जा रहा है। संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। लगातार तीन माह तक चलने वाले इस आयोजन में 19 वर्ष के स्कूली बच्चे व अन्य ग्रामीण अन्य बच्चे भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिताओं में उन ही खिलाडियो को अपना जौहर दिखाने का अवसर मिलेगा जिनके द्वारा पंजीयन कराया गया है। उन्होंने बताया कि पंजीयन करने की अंतिम तिथि 20 सितम्बर हैं। वही उन्होंने संबंधितो से अपेक्षा व्यक्त करते हुए पंजीयन क्यूआर कोड अधिक से अधिक युवाजनों तक पहुंचे ताकि पंजीयन संख्या बढे। उक्त खेल कूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राएं और दिव्यांगजन भाग ले सकेंगे।



सांसद खेल महोत्सव कैलेण्डर के संबंध में बताया कि पंजीयन 20 सितम्बर तक, प्राप्त आवेदनो का परीक्षण 30 सितम्बर तक, प्रतियोगिता के लिए खेल मैदान निर्धारण प्रतियोगिता का फीचर्स तैयार करने का कार्य आठ अक्टूबर तक पूर्ण किया जाएगा। संबसे पहले ग्राम पंचायत स्तर पर प्रतियोगिताएं अक्टूबर, नवम्बर माह में आयोजित की जाएगी इसके बाद मण्डल स्तर पर नवम्बर माह में, विधानसभा स्तर पर दिसम्बर माह में, इसी प्रकार संसदीय स्तर प्रतियोगिता दिसम्बर माह में आयोजित की जाएगी। आयोजन के लिए गठित की जाने वाली विभिन्न प्रकार की समितियों और उनमें शामिल होने वाले सदस्यों की भी जानकारियां सांझा की गई है। बैठक में आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने हेतु जनप्रतिनिधियों के द्वारा सुझाव सांझा किए गए। बैठक में खेल आयोजन के समन्वयक डॉ अनिल तिवारी, मुकेश तिवारी व भाजपा नेता रितिक रघुवंशी,वरिष्ठ पत्रकार प्रशांत कटिकार, सहित अन्य जनप्रतिनिधि विभिन्न विभागो के अधिकारी मौजूद रहें। कार्यक्रम के अंत में आगंतुको के प्रति आभार जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया के द्वारा व्यक्त किया गया।

### फुटबॉल, हॉकी, शतरंत सहित नौ खेलों का होगा आयोजन




इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि व भाजपा के वरिष्ठ नेता मान सिंह रघुवंशी ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत क्रिकेट सहित कुल नौ खेलो का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य खेलो के अंतर्गत बॉलीवाल,फुटबाल,हॉकी,कबड्डी, एथेलेटिक्स तथा परम्पराागत अंतर्गत खो-खो,रस्साकसी और शतरंज खेलो की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। आयोजन का मुख्य उद्धेश्य फिटनेस को बढावा देना,परम्परगत खेलो को प्रोत्साहन, स्थानीय प्रतिभा की पहचान, फिट इंडिया अभियान को मजबूत करना इत्यादि शामिल है। पंजीयन एवं पात्रता नियम के संबंध में उन्होने कहा कि इस खेल आयोजन में केवल सागर संसदीय क्षेत्र के निवासी ही भाग ले सकेंगे। खिलाड़ियों को पंजीयन के दौरान अनिवार्य दस्तावेजो के तहत आधार कार्ड अथवा वोटर आईडी कार्ड पहचान के लिए अनिवार्य है। आफ लाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 20 सितम्बर है। 30 सितम्बर तक आवेदनो का परीक्षण किया जाएगा।

### जनपद सीईओ व नपा सीएमओ को किया गया अधिकृत

आयोजन पूर्व कार्य तैयारियों की रूपरेखा,समितियों का गठन,पंजीयन परीक्षण,हेल्प डेस्क व मैदान का चयन तथा विभागीय खेल अधोसंरचनाएं उपलब्ध कराना एवं तकनीकी अधिकारियों की नियुक्ति के अलावा आयोजन के दौरान सुचारू रूप से संचालन हो इसके लिए प्रतियोगिता का संचालन ग्रामीण क्षेत्र के लिए जनपद सीईओ व निकाय क्षेत्रो हेतु सीएमओ को अधिकृत किया गया है। खेल आयोजनो के दौरान प्राथमिक उपचार,सुरक्षा,मीडिया की सहभागिता,पुरस्कार वितरण एवं सम्मान के लिए पृथक-पृथक जबावदेंही सौंपी गई है। आयोजन उपरांत एनआईसी के माध्यम से फोटो वीडियो अपलोड किए जाएंगे। उत्कृष्ट खिलाड़ियों की पहचान भविष्य के लिए डाटाबेस तैयार करना के दायित्वों का निर्वहन एनआईसी द्वारा किया जाएगा।

## समस्याओं के समाधान के लिए सुभाष बोहत ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज।** विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस नेताओं ने सांसद श्रीमती लता वानखेड़े को 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में क्षेत्र की पेयजल,सड़क,स्वास्थ्य,शिक्षा,रोजगार,बिजली और किसानों से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग की गई। इस मौके पर एडवोकेट सुभाष बोहत ने कहा कि क्षेत्र के नागरिक लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में परेशान हैं। पेयजल संकट, किसानों को खाद-बीज व सिंचाई सुविधा की कमी, जर्जर सड़कों, अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी, बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार अवसरों का अभाव और महिला सुरक्षा जैसी समस्याएँ आज भी विकराल रूप धारण किए हुए हैं। उन्होने सांसद लता वानखेड़े से आग्रह किया कि वे इन समस्याओं को गंभीरता से लेकर संसद और शासन स्तर पर क्षेत्रवासियों के लिए ठोस कदम उठवाएं। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रत्याशी एडवोकेट सुभाष बोहत, एडवोकेट सुभाषिनी बोहत, एडवोकेट आशा बोहत, एडवोकेट वसुंधरा बोहत, आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन



**सिरोंज।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान एंव पोषण माह का शुभारंभ सिविल अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियो द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्य प्रदेश के घर घर में अभियान के शुभारंभ का लाइव प्रसारण देखा साथ ही आयोजित रक्त दान शिविर का उद्घाटन किया गया। जिसमें बीएमओ डॉ विकास सिंह द्वारा बताया गया कि शिविर में लगभग 60 यूनिट से अधिक रक्तदान हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। जिन्होंने प्रधानमंत्री के संबोधन को लाइव सुना। वही जनप्रतिनिधियों द्वारा महिलाओं पर पुष्पवर्षा कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सीईओ जनपद आशीष अग्रवाल, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सुंदरकांड पाठ व भजन कीर्तन का आयोजन



**सिरोंज।** अग्रवाल महिला मंडल द्वारा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में सुंदरकांड पाठ व भजन कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर अग्रवाल महिला मण्डल की अध्यक्ष बिंदु गर्ग, माला सिंहल, अमिता मंगल, शिल्पी गर्ग, उर्मिला मित्तल, मनीषा बंसल, रेखा बिंदल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अधिकारी-कर्मचारी सड़क निर्माण में कर रहे घटिया कामः विधायक

# विधायक ने लगाए विभाग पर गंभीर आरोप




**लटेरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन 75 दीपकों का प्रज्वलन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर विधायक उमाकांत के विभागों पर गंभीर आरोप लगाए सीएम हेल्प लाइन के माध्यम से की गई शिकायत की गई थी परन्तु हमें बिना बताए शिकायत बंद कर दी गई।

लटेरी में स्व पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत स्मृति सब्जी मंडी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम प्रधानमंत्री द्वारा जिला धार में हुए पीएम कार्यक्रम का लाइव किया गया। कार्यक्रम में सिरोंज लटेरी क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम को सुना एवं देखा गया। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष में प्रधानमंत्री आवास एवं विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया। उद्बोधन में विधायक उमाकांत शर्मा ने भाजपा की मध्य प्रदेश सरकार डॉ मोहन यादव केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। प्रधानमंत्री सड़क योजना भाजपा सरकार की देन है पहले ग्राम क्षेत्र में सड़क नहीं हुआ करती थी, अटल बिहारी वाजपेई ने ग्रामीण प्रधानमंत्री सड़क योजना चलाई है जब से हर ग्राम में प्रधानमंत्री सड़क है। लेकिन स्थानीय अधिकारी कर्मचारी इस सड़क में भी कुछ घटिया निर्माण कर देते हैं। जिससे कि सड़क कमजोर हो जाती है।

वहीं वन विभाग के वन निगम स्थानीय अधिकारी और कर्मचारियों की मिलीभगत से हो रहे वन कटाई एवं वन भूमि पर कब्जा को लेकर बताया कि स्थानीय वन विभाग कर्मचारी एवं अधिकारी की मिलीभगत से वन कटाई अवैध कब्जा हो रहे हैं। विधायक ने बताया कि मेरे द्वारा वन विभाग की शिकायत 181 के माध्यम से की गई थी जिसको वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने है हटा दी है, जबकि मैंने वापस नहीं ली। अब समझिए कि मेरे साथ ऐसा हो रहा है तो जनता की शिकायतों का वन विभाग लटेरी क्या करता होगा। वन विभाग लटेरी को मंच से विधायक ने चेतावनी दी और कहा कि वन भूमि पर अवैध कब्जा वन कटाई नहीं रोकी गई तो मैं भी जनता के साथ आपका विरोध करूंगा। प्रमुख सचिव वल्लभ भवन से वन भूमि पर अवैध कब्जा हटाने की अपील की।

### स्वच्छता रैली व शपथ के साथ सेवा पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

**बीना।** गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ स्वच्छता रैली एवं शपथ के माध्यम से किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को यह संदेश दिया जा रहा है कि आपको स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना है एवं परिवार समाज के लोगों को जागरूक करना है। साथ ही संकल्प दिलवाया कि मैं अपनी स्वच्छता की शुरुआत अपने परिवार से करूंगी। कचरा सदैव कचरा गाड़ी में ही डालूंगी। सार्वजनिक स्थान पर कचरा नहीं डालूंगी। कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर उमा लवानिया ने कहा कि स्वच्छता आपको बीमारियों से बचाती है। आपको सदैव बाह्य स्वच्छता के साथ ही साथ आंतरिक स्वच्छता का भी ध्यान रखना है। मन ,विचार, कर्म, धर्म, वाणी, भाव से भी हमेशा स्वच्छ और शुद्ध रहना है। जो कि आपके जीवन के आंतरिक स्वच्छता का परिचायक है और आपके जीवन को ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा युवा मोर्चा ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने विदिशा के जिला चिकित्सालय में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का नेतृत्व युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष देवेश मीना ने किया। इस अवसर पर भाजपा और युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रक्तदान के प्रति भारी उत्साह दिखाया और बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा लिया। रक्तदान करके उन्होंने समाजसेवा और



राष्ट्रहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का संदेश दिया। शिविर के दौरान देवेश मीना ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा है और उनके जन्मदिन को सेवा कार्य के रूप में मनाना हमारे लिए गौरव की बात है। यह रक्तदान शिविर ₹सेवा पखवाड़ा का हिस्सा था, जो 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन से शुरू होकर 2 अक्टूबर, गांधी जयंती तक चलेगा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न सामाजिक कार्यों में भाग लेकर समाज को सेवा का संदेश देंगे।

### ससुराली की दहेज में रुपए व प्लाट की मांग

**ललितपुर।** कसाब मण्डी मस्जिद के पास रहने वाली कौशर बानो पुत्री रहीश कुरैशी ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका व उसकी छोटी बहन जीनत बानो का म.प्र. के जिला सागर अंतर्गत वार्ड नं.2 कैंट सदर बाजार म.नं. 8/100 मस्जिद के आगे निवासी रहीश कुरैशी के यहां उनके पुत्रों के साथ 5 नवम्बर 2011 में हुआ था। शादी में उसके माता-पिता ने हैसीयत अनुसार दोनों 4-4 लाख रुपये नगद दिये थे एवं सोने चांदी के जेवरात और घर गृहस्थी का संपूर्ण सामान दिया था, जिससे दोनों बहनों की शादी करीब 50 लाख रुपये की हुयी थी। बताया कि शादी के कुछ दिनों बाद उसका पति शाहिद हुसैन व बहन का पति शाहरूख हुसैन, ससुर शहजाद हुसैनदेवर शाहरूख हुसैन, ननद बुसरा व भोपाल के बेडागढ़ निवासी रजिया पुत्री शहजाद हुसैन पत्नी आरिफ खान दोनों से 1-1 लाख रुपये नकद व एक-एक प्लाट की मांग करने लगे। जब उसने अपनी बहन से कहा कि हमारे माता-पिता की इतनी हैसीयत नहीं है तो सभी ससुरालियों ने एकराय होकर उसे व उसकी बहन को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

# सवालों के घेरे में रतवा में बन रहा 50 लाख रुपये की लागत वाला अस्पताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

शासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर करोड़ों की राशि खर्च की जा रही है। जिससे आमजन को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। ग्राम पंचायत बरूआखार के रतवा गांव में लगभग 50 लाख की लागत से बन रहे शासकीय सामुदायिक अस्पताल भवन का निर्माण कार्य सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा खुलेआम घटिया मटेरियल का इस्तेमाल किया जा रहा है। सीमेंट, गिट्टी और तार की मात्रा घटा दी गई है। रेत की जगह काली गिट्टी और एम-सेंड का उपयोग किया जा रहा है। वहीं भवन की नींव तक कमजोर डाल दी गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह अस्पताल भवन बनने के बाद ज्यादा दिन नहीं टिकेगा। नतीजा यह होगा कि शासन की राशि डूब जाएगी और जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता है।

### विश्वकर्मा जयंती पर निकाली बाइक रैली

**बीना।** विश्वकर्मा समाज ने भगवान विश्वकर्मा की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली अंबेडकर, सर्वोदय चौराहा, गांधी चौराहा और नई बस्ती से होते हुए विश्वकर्मा मंदिर पर पहुंची जहां पूजन अर्चना के साथ रैली का समापन हुआ। कार्यक्रम में समाज के लोगों के अलावा विधायक निर्मला सप्रे, नगर नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, अध्यक्ष पंचम लाल विश्वकर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा, घनश्याम विश्वकर्मा, खुशी लाल विश्वकर्मा आदि रहे मौजूद।

### सड़क खोदकर डाली गई पाइप लाइन

**ललितपुर।** अमृत योजना के तहत जल संस्थान विभाग द्वारा सड़क उखाड़कर पाइप लाइन तो डाली गयी, लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं की गयी, जिससे लोगों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ला रैदासपुरा के लोगों ने जिलधिकारी को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि अमृत योजना के तहत जल संस्थान द्वारा सड़क उखाड़कर पाइप लाइन डाली गयी और रोड आज भी उखड़ी पड़ी है। इससम्बन्ध में ठेकेदार से जब मौखिक रूप से कहा गया तो ठेकेदार ने बात को टाल-मटोल कर दिया। इसके अलावा अब नवदुर्गा महोत्सव शुरू होने वाला है, ऐसे में सड़क की मरम्मत न होने से भारी परेशानी खड़ी हो जायेगी। मोहल्लेवासियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुये जिला प्रशासन से सड़क ठीक कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय अजय कुमार, अर्जुन, मोन्टू, अनिकेत, प्रभात, नरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, विदिशा

क्रमांक/5901 to 5907, 5922/PWD/2025 — विदिशा, दिनांक 11/09/2025

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्रं. | निविदा क्रं. | ई-टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5901 | 2025_UAD_451816_1 | Construction Work of C.C.Road and RCC Drain at Ward no 11 Shastri nagar main road to manmohan sharma house vidisha municipality | I Call | 2877516.00 | 21581.00 | 5000.00 | 03 months | 17/10/2025 |
| 2 | 5904 | 2025_UAD_451889_1 | Construction Work of C.C. Road at ward no 17 Dhalakpura firoz bhai house to kalla house vidisha | II Call | 353036.00 | 3530.00 | 2000.00 | 03 months | 01/10/2025 |
| 3 | 5905 | 2025_UAD_451907_1 | Construction Work of C.C. Road at Ward no 39 Teelakhedi Rambabu malviya house to brandavan yadav house and harinarayan badouriya house vidisha | I Call | 1943523.00 | 14576.00 | 2000.00 | 03 months | 17/10/2025 |
| 4 | 5906 | 2025_UAD_451919_1 | Construction Work of C.C. Road at ward no 33 kamlesh balmiki house to dheeraj lodhi house vidisha | I Call | 2507300.00 | 18805.00 | 5000.00 | 03 months | 17/10/2025 |
| 5 | 5907 | 2025_UAD_451925_1 | Construction Work of Culvert located near Ward no 08 Shyam tall vidisha | II Call | 1537074.00 | 11528.00 | 2000.00 | 03 months | 01/10/2025 |
| 6 | 5922 | 2025_UAD_451940_1 | Constuction Work of aluminium base Chamber in Ward no 23 Municipal office Building | I Call | 118901.00 | 2378.00 | 1000.00 | 03 months | 01/10/2025 |

1- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, विदिशा

## खबर संक्षेप

### सप्त दिवसीय भागवत कथा का हो रहा आयोजन



**सांची।** नगर की एक होटल में सरस संगीतमय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का समापन 21 सितंबर को किया जाएगा। ओमप्रकाश आचार्य के श्री मुख से कथा वाचन की जा रही है। पितृपक्ष में चल रही भागवत कथा सभी पितरों को तारने वाली होती है। कथा में सुदामा चरित्र का वर्णन आचार्य जी द्वारा किया। कथा में बताया कि भगवान कभी गरीब या अमीर के पास नहीं आते भगवान सिर्फ भाव के साथ रह हैं। कथा में और भी वर्णन बताए हैं। कथा संजय बघेल, भानु बघेल राकेश बघेल द्वारा करवाई जा रही है।

### मेड़ खोदने पर विवाद महिला के साथ मारपीट

**सलामतपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम झुंड़खोह में खेत की मेड़ खोदने पर महिला के साथ जमकर मारपीट की घटना हो गई। मारपीट से महिला का हाथ फैक्चर हो। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार झुंड़खोह में दसोदी बाई पति हरिसिंह धानक उम्र 45 वर्ष अपने भाई बबलू के खेत की मेड़ की सफाई कर रही थी। सफाई के दौरान मेड़ थोड़ी सी खुद गई थी। इसी दौरान पड़ोसी किसान लखन धानक आया और बोला कि तुमने मेरी भूमि पर खुदाई कैसे की और गंदी गंदी गालियां देने लगा तथा लखन धानक दसोदी बाई के साथ मारपीट की, जिससे महिला का हाथ फैक्चर हो गया। वहीं पुलिस ने आरोपी लखन धानक पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### संरक्षण संवर्धन एवं प्रबंधन समिति का गठन

**सिलवानी।** नगरीय प्रशासन व विकास विभाग द्वारा शहरी विरासत के संरक्षण संवर्धन हेतु विरासत प्रबंधवन समिति का गठन तय दिशा निर्देशो तहत किया। जिसमें सीएमओ ऋषिकांत यादव को अध्यक्ष तथा सामुदायिक संगठक रवि यादव को सचिव नियुक्त किया। सदस्यों में डॉ. लक्ष्मीकांत नेमा संस्कृति लाककला विशेषज्ञ, राकेश समैया इतिहासकार, सत्यार्थ फाउंडेशन गैर समाजसेवी संगठक, क्षेत्रीय विकास परिषद गैर समाजसेवी संगठक, रामशरण श्रीवास्तव समाजसेवी, चंद्रकुमार जैन समाजसेवी को नियुक्त किया। समिति की बैठक प्रत्येक 3 माह में आयोजित होगी। समिति के माध्यम से शहरी विरासत, कला, संस्कृति एवं विविध उत्सवों के विषय में नियमित रुप से कार्ययोजना का कार्य संपादित करेगी।

### जिले में महात्मा गांधी जयंती पर शुष्क दिवस

**रायसेन।** जिले में महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर को कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त द्वारा शुष्क दिवस घोषित किया है। सहायक आबकारी आयुक्त ने प्रभाराधीन इकाई/वृत्त की समस्त देशी-विदेशी की फुटकर बिक्री दुकानें एफएल-2, एफएल-3, एफएल-7 पूर्णतः बंद रखे जाने के साथ ही मदिरा उत्पादन और आयात-निर्यात बंद रहेगा।

## पीएम मोदी ने स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया, जो राष्ट्र निर्माण में प्रेरक बनेगा

### पीएम के जन्मदिन पर जिलेभर में हुए विविध कार्यक्रम, लोगों ने निभाई अपनी भागीदारी

# प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन पर जिंदगी बचाने 75 ने किया 'रक्तदान'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भाजपाइयों, जनप्रतिनिधियों द्वारा सेवा पखवाड़े के तहत धूमधाम से मनाया। जिला अस्पताल में जिला नगर मंडल भाजपा के बैनर तले 75 लोगों (अधिकारियों जनप्रतिनिधियों) ने रक्तदान में हिस्सा लिया। सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ जिला अस्पताल से हुआ। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे ने स्वागत उदबोधन दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में अभियान का शुभारंभ धार जिले के बदनावर के भैंसोला से किया। वहीं उपस्थित लोगों ने लाइव प्रसारण को देखा।

कार्यक्रम में विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, बीजेपी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिपं अध्यक्ष यशवंत बब्लू मीणा, नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, नगर मण्डल अध्यक्ष आदित्य शर्मा, कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एएसपी कमलेश खरपुसे, जिपं सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, एसडीएम मनीष शर्मा, तहसीलदार भरत सिंह मांडले, सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे, सिविल सर्जन डॉ यशपाल सिंह बाल्यान, डॉ एके शर्मा, डॉ एसी अग्रवाल, टीकाकरण अधिकारी डॉ सोमंदास, आरएमओ एलएन गुर्जर आदि उपस्थित हुए।





### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर श्री द्वारकाधीश मंदिर की सफाई कर ली स्वच्छता की शपथ

**सलामतपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सलामतपुर कस्बे में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान कस्बे में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत बुधवार को नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नगर के प्रसिद्ध एवं सिद्ध श्री द्वारकाधीश मंदिर पर साफ-सफाई की और स्वच्छता की शपथ ली गई। इसी कार्यकर्म में मोदी के जन्मदिन पर मिठाई वितरण कर जन्मदिन को पूरे उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप में मंडल अध्यक्ष भाई रीतेश अग्रवाल, सलामतपुर सरपंच प्रतिनिधि शेर सिंह राजपूत, मंडल महामंत्री हरीश मालवीया, मंडल मंत्री संजीव यादव और भाजपा के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर

### नपं. द्वारा बाल बिहार में साफ सफाई कर स्वच्छता सेवा पखवाड़े की शुरूआत



**बरेली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस पर नगर परिषद द्वारा सेवा स्वच्छता पखवाडे की शुरूआत की गई। स्वच्छता पखवाडे के अंतर्गत बाल बिहार में नपं. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों, गणमान्य नागरिकों, नपं. के कर्मचारियों द्वारा साफ सफाई का विशेष अभियान चलाया। नगर को साफ स्वच्छ रखने के लिए उपस्थितों को शपथ दिलाई गई।

नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, सीएमओ हरिशंकर वर्मा के साथ नगर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय, भाजपा पवन रघुवंशी, पूर्व पार्षद फूल सिंह धाकड़, रणधीर चौधरी, योगेश पटेल, भरत शर्मा, वीरेंद्र धाकड़, शैलेंद्र पटेल, राजेश साहू, नपं. के कर्मचारियों की उपस्थिति रही। शहीद स्तंभ बाल बिहार में हाथों में झाड़ू लेकर सफाई अभियान चलाकर सेवा स्वच्छता पखवाड़े की नगर में शुरूआत की गई। इस अवसर पर नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने नगर को स्वच्छ साफ बनाने में नागरिकों, व्यापारियों से सहयोग की अपील की।

**पखवाड़े में होगी गतिविधियां :** नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, सीएमओ हरिशंकर वर्मा ने कहा कि सेवा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत नगर में नपं. द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन संचालन किया जाएगा। स्वच्छता अभियान के साथ वृक्षारोपण, जल संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान और कार्यक्रमों विभिन्न सरकारी योजनाओं का प्रचार का प्रयास किया जाएगा। नपं. अध्यक्ष चौधरी ने सभी नागरिकों से भरपूर सहयोग की अपील आग्रह किया। उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

## सेवा पखवाड़ा अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा अभियान की शुरुआत हुई। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं और दीवानगंज सरपंच गिरजेश नायक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज में पहुंचकर गर्भवती महिलाओं को किराने के लड्डू, सेव, केला और फल वितरित किए गए। इसके पश्चात प्राथमिक शासकीय कन्या शाला प्रांगण में पहुंचकर छोटे-छोटे बच्चों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के विषय में सरपंच द्वारा विस्तार पूर्वक बताया।

ग्राम पंचायत दीवानगंज प्रांगण में स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया। जिसमें सभी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सफाई अभियान के तहत पंचायत भवन के प्रांगण के आसपास सफाई की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। 17 सितंबर को



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन तथा 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर तक विभिन्न जन कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस मौके पर दीवानगंज सरपंच गिरजेश नायक, मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर पलक पटेरिया, समीम खान, अमित पाल राघव, इकबाल खान, नसीम खान, मुकेश साहू ,महेश साहू, सुरेश जैन सहित स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## जागरूकता रैली में स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

शासकीय कॉलेज सिलवानी में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान आगामी 15 दिनों तक सामाजिकसेवा, जन जागरूकता, स्वच्छता तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित विविध गतिविधियों के माध्यम से संचालित किया जाएगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य मनोहर लाल पंथी के मार्गदर्शन में माँ सरस्वती की वंदना एवं पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में ऐसे सेवा कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम का



संचालन डॉ. रामानुज रघुवंशी द्वारा किया।

कार्यक्रम के उपरांत महाविद्यालय के छात्र.छात्राओं द्वारा एक भव्य जागरूकता रैली निकाली गई, जो महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर तहसील कार्यालय तिराहे तक गई। रैली में विद्यार्थियों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जन.जागरूकता से जुड़े प्रभावशाली नारे और स्लोगन के माध्यम से आम जनता को जागरूक किया।

## शासकीय बालक हा.से. के दो छात्रों का इसरो भ्रमण के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शासकीय बालक हा.से. के दो छात्रों का चयन इसरो भ्रमण के लिए होने से विद्यालय एवं छात्रों में भारी हर्ष बना हुआ है। विद्यालय के छात्र धनराज दुबे एवं विक्रम रजक को स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) बेंगलुरू के लिए शैक्षणिक भ्रमण हेतु चयन किया है।

विद्यालय के छात्र धनराज दुबे एवं विक्रम रजक का इसरो भ्रमण के लिए चयन होना, छोटे से नगर के सबस पुराने विद्यालय की बड़ी उपलब्धि है। विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर प्राचार्य केके बानी अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा बधाई शुभकामनाएं दी गई। प्राचार्य बानी ने कहा कि अवसर मिलने से छात्रों के भविष्य को नई दिशा




**नगर एवं विद्यालय का बढ़ाया गौरव**

धनराज दुबे विज्ञान समूह में मैथ्स साइंस कक्षा 12वीं का छात्र है। वहीं विक्रम रजक कक्षा 11वीं का छात्र है। विक्रम ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण की थी। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रजक को सम्मानित किए जाने के साथ स्व. पालीवाल की स्मृति में राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने 11 हजार का नगद पुरूस्कार राशि प्रदान कर उच्च शिक्षा का संपूर्ण खर्चा उठाने की घोषणा की थी। विद्यालय के दो छात्रों का इसरों भ्रमण के लिए चयन पर नगर, विद्यालय और नर्मदा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

मिलेगी अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा भी मिलेगी। दोनों छात्रों को इसरो भ्रमण से विज्ञान और आतंरिक्ष तकनीक का प्रत्यक्ष अनुभव मिलेगा। छात्रों को शुभयात्रा की शुभकामनाएं देकर विदा किया।

### एससी-एसटी छात्रावासों में अधीक्षकों की चल रही मनमानी

## जयस ने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

आदिम जाति कल्याण विभाग के द्वारा संचालित छात्रावासो में नियुक्त अधीक्षकों द्वारा की जा रही मनमानी पर लगाम लगाने व अनियमितताओं में संलग्न अधीक्षको पर सख्त कार्रवाही किए जाने की मांग को लेकर मैदान में उतरे जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम हर्षल चौधरी को ज्ञापन सौंपकर कारवाई की मांग की।

जयस के जिलाध्यक्ष विजय पटेल बरसते पानी में सैंकड़ो बच्चो के साथ एसडीएम को ज्ञापन देने पहुचें। जिसमें उल्लेख किया है कि रायसेन जिले के लगभग समस्त अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छात्रावास भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुके है। छात्रावासों के



अधीक्षक शासन के नियम कायदों कों ठेंगा दिखा रहे है एवं मनमानी कर शासन के दिशा निर्देशो की धज्जियों खुलेआम उड़ा रहे है।

आधी पकी, जली हुई रोटी, रोटी भी उस गेंहू की जिस में घुन लगा हुआ रहता है। उसका आटा बनवाकर दिया जाता है सब्जी, दाल वह भी अत्यंत पतली रहती है। नाश्ते में सिर्फ प्रति दिवस पोहा दिया जाता है साथ ही फटे पुराने चादर, पलंग टूटे हुए इस तरह की व्यवस्थाओं में छात्र छात्रावासों में पढ़ने को मजबूर है।

ज्ञापन में बीते दिनों सिलवानी स्थित छात्रावास में अधीक्षक द्वारा की गई मनमानी व मासूम बच्चों के साथ मारपीट की घटना का भी उल्लेख किया। आदिम जाति कल्याण विभाग रायसेन के जिला संयोजक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिलवानी, तहसीलदार सिलवानी कभी भी छात्रावास अधीक्षकों पर कोई कार्यवाही नही करते है। 2 माह में 2 बार छात्र अधीक्षक की शिकायते कर चुके है। यदि इस बार उक्त अधीक्षक पर कार्यवाही नही हुई तो जयस छात्रो के साथ प्रदर्शन करेगी।

ज्ञापन में कहा गया है कि जयस माँग करता है कि दोषी अधीक्षको को बर्खास्त करो, नहीं तो प्रदेश भर में जन आंदोलन होगा। अब केवल जांच नहीं, कार्वाई चाहिए जिम्मेदारों को जेल भेजों।

## आसमान में छाए बादल, रिमझिम बारिश से सड़कों पर हुआ कीचड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले 2-3 दिनों से आसमान में बादलों का डेरा बना हुआ है क्वार का महिना अंतिम समय में चल रहा है। क्वार के महीने में भारी उमस और गर्मी से बेहाल बने हुए है। ऐसे परेशानियों वाले मौसम में जोरदार नहीं तो हल्की बूंदाबादी और रिमझिम बारिश से मौसम ठंडा होने हवाओं में ठंडक आ जाने से लोग राहत महसूस कर रहे है।

बुधवार को दिनभर में अनेक बार रूक-रूक कर हुई रिमझिम बारिश से मौसम सुहाना हो उठा। नर्मदा क्षेत्र में पिछले जमकर बारिश होने से नदी नालों में बाढ़ निचले हिस्सों में जल भराव की परेशानियों भरी स्थिति भी बनी। बारिश से फसलों को नुकसान भी हुआ, कभी गर्मी तेज धूप तो कभी ठंडक और बारिश से धान फसलों पर माहू का प्रकोप फसलों के लिए नुकसानदायक बना हुआ है।



**रिमझिम बारिश से सड़कों पर कीचड़**

दिनभर रूक–रूक कर बूंदाबादी, रिमझिम बारिश से नगर की सड़कों के साथ प्रमुख सड़कों पर कीचड़ फैल गया। सबसे अधिक परेशानी और जोखिम पैदल चलने वालों एवं दो पहिया वाहन चालकों को उठाना पड़ रहा है। गड्ढों में पानी और फिसलन भरा कीचड़ कभी भी घटना दुर्घटना का कारण बन रहा है।

### रथ पर सवार होकर निकले भगवान, विधायक चौधरी ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

# भगवान विश्वकर्मा जयंती पर हुई औजारों-मशीनों की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में बुधवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विश्वकर्मा समाज समिति ने डीजे ढोल-नगाड़ों के बीच शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा श्रीरामलीला मैदान स्थित श्रीराधा-कृष्ण मंदिर से शुरू हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग उत्साह के साथ शामिल हुए। समाजजनों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा आरती की। इस दौरान नेताओं ने अखाड़े में प्रदर्शन करते हुए तलवार चलाई।

शोभायात्रा में विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य जीतू शर्मा शामिल हुए।

शोभायात्रा में समाज के सदस्य पारंपरिक वेशभूषा में डीजे पंजाबी ढोलनगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण भगवान विश्वकर्मा की झांकी थी, जिसे एक सजे-धजे रथ पर विराजमान किया गया था। जैसे-जैसे



यात्रा आगे बढ़ी, जगह-जगह उसका पुष्पवर्षा और जलपान के साथ स्वागत किया गया।

**औजारों और मशीनों की पूजन**

विश्वकर्मा समाज द्वारा यह आयोजन भगवान विश्वकर्मा के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में किया गया। इस अवसर पर कारीगरों और तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों ने अपने औजारों और मशीनों की विधिवत पूजा अर्चना कर आस्था प्रकट की। आयोजन में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता की झलक देखने को मिली। शोभायात्रा में धनीराम विश्वकर्मा, रामकिशन विश्वकर्मा, केशव विश्वकर्मा, गजराज सिंह सहित समाजजन मौजूद रहे।

### विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास से मनाई, मुख्य मार्गों से निकला समाज का चल समारोह

**सलामतपुर।** बुधवार को विश्वकर्मा जयंती बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। समाज के लोगों ने भोपाल विदिशा मुख्य मार्गों से चल समारोह भी निकाला जो सांची से शुरू हुआ, जो भोपाल रोड स्थित समाज के मंदिर पर समापन हुआ।

विश्वकर्मा जयंती पर क्षेत्र में सुबह से ही श्रद्धालुओं ने पूजा की तैयारियां शुरू कर दी थीं। जगह-जगह भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाएं स्थापित की गईं और विधिवत पूजन-अर्चन किया गया।

मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की। पूजा के बाद भक्ति गीत और कीर्तन हुए। प्रसाद वितरण के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। गांव-



गांव और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में भी पूजा-अर्चना के आयोजन हुए, जिसमें स्थानीय कारीगरों, व्यापारियों और युवाओं ने भाग लिया।

कई स्थानों पर रंग-बिरंगी झालरों, गुब्बारों और फूलों से मंडप सजाए गए थे। चल समारोह कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, कारीगर, दुकानदार और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।